प्रेस नोट

थाना सुमेरपुर **दिनांक 10.07.2024**

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 10.07.2024 को थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 299/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 से संबन्धित वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व धनीराम वर्मा नि0मु0 इमिलिया बाड़ा अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया।

ज्ञातव्य है कि दिनाँक 04.07.2024 को सुबह 06:00 बजे परिजनों द्वारा थाना सुमेरपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड 3 इमिलिया बाड़ा कस्बा सुमेरपुर मे धनीराम पुत्र जागू वर्मा उम्र करीब 57 वर्ष अपने घर के कमरे मे मृत अवस्था मे पड़े है । इस सूचना पर तत्काल उच्च अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतक के पत्नी के द्वारा बताया गया कि वह अपने पति तथा अपने लड़के धर्मेन्द्र उम्र करीब 27 वर्ष के साथ घर में रहती हैं तथा उनका बड़ा लड़का सुनील उनके बराबर में बगल में बने मकान में रहता है, तथा उनका लड़का धर्मेंद्र घटना के बाद से फरार है। मृतक के पत्नी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा अज्ञात अभियुक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था, पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में टीम गठित कर घटना के शीघ्र,सफल अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार को थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व धनीराम वर्मा नि0मु0 इमिलिया बाडा अम्बेडकर नगर कस्वा व थाना सुमेरपुर हमीरपुर।

बरामदगी

01 अदद लोहे का सब्बल ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1.SHO राकेश कुमार
2.उ0नि0 राहुल मिश्रा
3. हे0का0 आरिफ खा
4. का0 अमित यादव